मार्च 2023 के दौरान हमारे मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियां की गईं:

1. "महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण" पर बजट-पश्चात् वेबिनार

10 मार्च 2023 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा "महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण" पर संयुक्त रूप से केंद्रीय बजट वेबिनार का आयोजन किया गया। माननीय प्रधानमंत्री ने सत्र को संबोधित किया। वेबिनार का लक्ष्य मात्रात्मक लक्ष्यों वाली कार्य योजना तैयार करके महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को उद्यमिता के उन्नत स्तर तक ले जाने के लिए कार्यनीति और ब्ल्यूप्रिंट विकसित करना था।

2. 20 मार्च से 3 अप्रैल, 2023 तक पोषण पखवाड़ा

इस बार पोषण पखवाड़ा 2023 का विषय श्री अन्न (बाजरा) था। पखवाड़ा के दौरान बाजरे के स्वास्थ्य लाभों पर जन जागरूकता; कठोर जलवायु परिस्थितियों में बाजरे की खेती की उपयुक्तता; देश भर में श्री अन्न (बाजरा) अपनाने को लोकप्रिय बनाने के लिए कई कदम उठाए गए। बाजरा से संबंधित लगभग 98 लाख गतिविधियां आयोजित की गईं। सक्षम आंगनवाड़ियों के तहत 20.49 लाख गतिविधियां आयोजित की गईं, जबकि 'स्वस्थ बालक स्पर्धा' विषय के तहत लगभग 27.84 लाख गतिविधियां आयोजित की गईं। पखवाड़ा 2023 के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, अभिसरण मंत्रालयों/विभागों और अन्य हितधारकों द्वारा 3.5 करोड़ से अधिक संवेदीकरण गतिविधियों के आयोजन की सूचना प्राप्त हुई।

3. वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान व्यय

मंत्रालय के लिए संशोधित अनुमान 2022-23 के तहत 23913 करोड़ रुपये के आवंटन की तुलना में, विभिन्न स्कीमों के तहत कुल 23517 करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान का 98.35%) व्यय किए गए हैं। पूंजीगत व्यय 685.82 करोड़ रुपये था, जो बजट अनुमान (604.72 करोड़ रुपये) से 13.4% अधिक था। केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर एकल नो�ल खाता प्रणाली से संबंधित शुरुआती समस्याओं के बावजूद इसे हासिल किया जा सका।

4. पोषण के माध्यम से सशक्तिकरण: नए भारत की महिलाओं का उत्सव पर सत्र

मंत्रालय ने 2 मार्च 2023 को नई दिल्ली में **"पोषण के माध्यम से सशक्तिकरण: नए भारत की महिलाओं का उत्सव"** कार्यक्रम आयोजित किया। माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने श्री बिल गेट्स, सह-अध्यक्ष और ट्रस्टी, गेट्स फाउं�शन के साथ पोषण, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल का उल्लेख किया।

5. माननीय मंत्री द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर संबोधन

माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 समारोह के अवसर पर जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को, अंतर्राष्ट्रीय, स्विस और भारतीय समुदायों के सदस्यों की उपस्थिति में (प्री-रिकॉर्□ वी□यो संदेश के माध्यम से) संबोधित किया।

माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने 7 मार्च 2023 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित महिला आयोग के 67वें सत्र में एक राष्ट्रीय वक्तव्य (प्री-रिकॉर्□ वी□यो के माध्यम से) दिया।

6. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के भाग के रूप में, मंत्रालय ने दो कार्यक्रम आयोजित किए। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा 07 मार्च, 2023 को एक संयुक्त कार्यक्रम 'सेलिब्रेटिंग नॉर्थ-ईस्ट' आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली स्थित पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी संगठनों ने भाग लिया।

मंत्रालय द्वारा 21 मार्च 2023 को सभी मंत्रालयों/विभागों की महिला अधिकारियों (उप सचिव और उससे उच्चतर अधिकारियों) के लिए "साथ मिलकर अधिक सशक्त: सहयोग के माध्यम से महिला सशक्तिकरण" विषय पर एक और कार्यक्रम आयोजित किया गया।

****